# रिध्दपुर केंद्र पर मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिध्दपुर (अमरावती) पर आज बुधवार 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रिध्दपुर केंद्र के प्रभारी तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल आश्रम स्कुल के मुख्याध्यापक श्री संजय कोहळे, मुकबधीर स्कुल के श्री मोहन खंडारे प्रमुखता से उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह में  रिध्दपुर केंद्र पर सेवारत सहायक प्रोफेसर श्री धर्मेन्द्र शंभरकर, डॉ. सुषमा लोखंडे तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में श्री सारंग विरुळकर, श्री घनश्याम वाघमारे, श्री मयुर देशमुख, श्री प्रज्वल पंजाबी आदी की प्रमुखता से उपस्थिति थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.  सुषमा लोखंडे तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री धर्मेन्द्र शंभरकर द्वारा किया गया।




REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA


realme Shot on realme C3